# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
**MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY**
**NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified**

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 495-501 दिनांकः–12.08.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषयः–राष्ट्रीय खेल दिवस–2026–(दिनांक 28 से 30 अगस्त, 2026 तक) आयोजन संबंधी।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के संलग्न पत्र संख्या स0 15–01 / रा0से0यो0 / क्षे. नि / लख / 2026–27 / 5605–5746, दिनांक 12 अगस्त, 2026, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 29 अगस्त को मेजर ध्यानचन्द्र के जन्म दिवस पर प्रत्येक वर्ष खेल दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में **युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार 'फिट इण्डिया मूवमेन्ट', "खेलेगा भारत, जीतेगा भारत" थीम के साथ 28 से 30 अगस्त तक एक देशव्यापी 'राष्ट्रीय खेल दिवस 2026' अभियान आयोजित कर रहा है।** यह अभियान "श्रद्धांजलि, खेल और गतिविधिया" (Tribute, Play and Move) के तीन स्तम्भों पर आधारित है।

अतः उक्त सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के माध्यम से **दिनांक 28 से 30 अगस्त, 2026 तक खेल प्रतियोगिताएं, फिटनेस गतिविधियां, जागरूकता अभियान और "एक घंटा खेल के मैदान में" जैसे कार्यक्रम आयोजित करने तथा 'संडेज ऑन साईकिल' (Sundays on Cycle) के विशेष संस्करण में सक्रिय रूप से सहभागिता करना सुनिश्चित करें।** साथ ही आयोजित कार्यक्रमों की समेकित आख्या / रिपोर्ट (फोटोग्राफ्स, वीडियो क्लिपिंग एंव समाचार पत्रों की कतरने आदि) इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 nssmjprubly@gmail.com, पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें। इसके साथ ही कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व माय माय भारत पोर्टल पर KI/NSS PO पेज से इवेंट अपलोड अवश्य कराएं एवं कार्यक्रम / गतिविधियों की फोटोग्राफ्स रा0से0यो0 के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मो पर भी अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्न–यथोक्त।**

भवदीय

/

**डॉ0(राजीव कुमार यादव)**
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ–226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ– 226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली परिक्षेत्र।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

Rajiv 12.8.26
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना